## गोटेगांव में सटोरिये आबाद, युवा बर्बाद

**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव नगर में पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण चारों दिशाओं में सट्टे का बोलबाला भयानक रूप से चुका है ऐसा ही नहीं कि सट्टे का प्रकोप गोटेगांव शहर ही में है शहर से सटे ग्रामों में भी ओपन क्लोज का खेल बेखौफ चल रहा है संबंधित विभाग मूक दर्शक बना हुआ है।यह सट्टे का खेल दिन में दो पाली में हो रहा है। दिन की पाली का अलग और रात की पाली का अलग।

देखा जाए तो शहर में कुछ जगह जगह सट्टा की परची बेखौफ काटी जा रही हैं इससे लगता है कि संबंधित विभाग ने जगह जगह काउंटर खोल कर ओपन क्लोज का खेल के लिए जैसे लाइसेंस दे रखे हों।इतना ही नहीं आसपास के ग्रामों में भी सट्टे का क्रेज बरकरार है।आखिर किसका संरक्षण है इन सटोरियों के ऊपर।संबंधित विभाग नगर में अवैध कार्यों को आज तक बंद नहीं कर पाया।आखिर कारण क्या है।

नगर के हर गली मोहल्लों के साथ सभी जगह खुले रूप में चल रहा है सट्टे का व्यवसाय, सट्टे के व्यवसाय करने वालों के ऊपर किसका वरदहस्त हो गया है।अधिकारी मूक दर्शक बन बैठे हैं।वैसे तो शहर और आसपास का ग्रामीण क्षेत्र इन दिनों भीषण मादक पदार्थों की बिक्री में भी अग्रणी होता जा रहा है संबंधित विभाग अवैध मादक धंधे वाले छुट भैया लोगों को पकड़ कर एकाध छोटा मोटा केश बनाकर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर लेती है परंतु वास्तव में जो सच है उसे सामने लाया ही नहीं जाता।

### इलाके में बेखौफ चल रहा है सट्टे का कारोबार

यह विषय शहर के गणमान्य नागरिकों के बीच आज भी जन चर्चा का विषय बना हुआ है सट्टा,अवैध शराब, जुआं स्मैक पावडर,गांजा विक्रय,आदि मादक पदार्थों की बिक्री से नगर घिरा हुआ है।मगर इस ओर किसी का ध्यान नहीं है नगर के चारों ओर बस ओपन क्लोज का खेल और बावन पत्तों का खेल अपनी पराकाष्ठा लांघ चुका है जिसमें सैकड़ों नवयुवक प्रतिदिन अपना दांव लगाते देखे जा सकते हैं।

जिसको मिल गया वो खुश और जिसने अपना सभी कुछ लुटा दिया वो शख्स अपनी जिंदगी को मौत के हवाले कर देता है फिर भी यहां कोई कुछ नहीं कर पाता है नगर वासियों ने मांग की है संपूर्ण क्षेत्र में सट्टे का कारोबार शीघ्रता से बंद किया जाए और अवैध शराब के साथ जुआं सहित स्मैक पावडर आदि नशे से जुड़े प्रतिष्ठानों को ध्वस्त किया जाए।

स्मरण हो कि शासन नशा मुक्ति के लिए अभियान तो चलाता है परंतु पूर्ण रूप से नशा का विक्रय करवाने में शिथिल क्यों हो जाता है। भारी भरकम अभियान चलाकर शासन अपनी वाह वाही को लूटता है परंतु सट्टा मुक्ति अभियान कब चलाएगा।शासन और शासन में बैठे वरिष्ठ अधिकारी इस ओर ध्यान देकर नगर को साफ सुथरा बनाए जिससे नागरिकों को कोई परेशानी न हो और नवयुवक किसी नशे ,सट्टे आदि की गिरफ्त में ना आएं।

## कलेक्टर ने किया उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण



**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर संस्कृति जैन ने बुधवार 26 मार्च को गेंहू उपार्जन अंतर्गत स्थापित किये गये गोदाम स्तरीय केंद्र कान्हीवाड़ा, भोमा, उड़पानी एवं केवलारी का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन केन्द्र में किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए सभी केन्द्रों में पेयजल, छाया तथा बैठक आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने गोदाम संचालक एवं समिति प्रबंधक को उपार्जन संबंधी सभी जरूरी व्यवस्थाऐं रखने के निर्देश दिये हैं।उन्होंने स्लॉट बुकिंग कराने वाले किसानों से संपर्क करते हुए मानक गुणवत्ता का ही गेंहू उपार्जित करने के निर्देश दिये है।

निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी मेघा शर्मा सहित अन्य उपार्जन से जुड़े अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### कोल्ड स्टोरेज इकाई का अवलोकन कर उद्यमियों को किया प्रोत्साहित

कलेक्टरसंस्कृति जैन ने बुधवार 26 मार्च को सिवनी विकासखंड के ग्राम मानेगांव स्थित श्री हरि कोल्ड स्टोरेज ईकाई का अवलोकन किया। उन्होंने कोल्ड स्टोरेज के संचालक अभिषेक जेठानी एवं विक्की जेठानी से गतिविधियों के बारे में जाना साथ ही जिले में खाद्य प्रसंस्करण की संभावनाओं पर चर्चा की।

उन्होंने तत्कालीन समय में गाजर एवं स्वीट कॉर्न की ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग का अवलोकन कर दोनों ही उद्यमियों को प्रोत्साहित कर शासन संचालित की जा रही योजनाओं का लाभ लेकर अपने व्यापार को बढ़ाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेघा शर्मा एवं महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र सिवनी आर एस उइके सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## सार-समाचार

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**पिपलानारायणवार, देशबन्धु ।** 26 मार्च 2024 को जिला आयुष अधिकारी डॉ. दत्तात्रेय भदाड़े सर के निर्देश अनुसार शासकीय आयुर्वेद औषधालय कोपरावाडी द्वारा ग्राम पंचायत घोघरिखापा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसका शुभारंभ महादेव गुड्धे के द्वारा किया गया। इसमें डॉ सोनिका मिश्रा द्वारा 67 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उपचार किया गया एवं औषध वितरण किया गया। साथ ही मौसमी बीमारियों के बारे में बताया गया । ग्रीष्म ऋतु से बचाव के उपाय बताए गए, योग एवं प्राणायाम के बारे में जानकारी दी गई एवं लोगों को पोषण संबंधी जानकारी दी गई। शिविर में अमर सिंह मरावी, औषधालय सेवक सुरेश चौरे एवं पी टी एस श्रावण परतेती ने सेवाएं दी।

### ओलंपियाड प्रतियोगिता में चयनित बच्चों का कलेक्टर ने किया सम्मान

**सिवनी, देशबन्धु ।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर संस्कृति जैन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी पवार नवजीवन विजय के उपस्थिति में सत्र 2024-25 में ओलंपियाड प्रतियोगिता में चयनित बच्चों का सम्मान समारोह विगत दिवस कलेक्टर सभाकक्ष सिवनी में आयोजित किया गया।



जिला स्तरीय ओलंपियाड में कक्षा 2 से 8 तक के चयनित 32 बच्चों, अभिभावकों एवं मार्गदर्शी शिक्षकों की कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में सहभागिता की गई। जिसमें चयनित बच्चों को ट्रेक शूट, कैप, बैग, पानी बॉटल, टिफिन, ज्यामेट्री बॉक्स, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र एवं मार्गदर्शी शिक्षको को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया।

बच्चों के द्वारा कलेक्टर संस्कृति जैन से पर्यावरण एवं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में प्रश्न किये गये। जिनका उत्तर कलेक्टर संस्कृति जैन के द्वारा बहुत सहज भाव से दिया गया। कलेक्टर जैन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी पवार के द्वारा बच्चों को समझाइस दी गई कि मोबाइल का अधिक उपयोग सेहत के लिए हानिकारक है एवं कठिन परिश्रम से ही जीवन में लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## अवैध कारोबार के अड्डे बन गए होटल व लॉज

**सौसर, देशबन्धु।** क्षेत्र के होटलों लॉज में इन दिनों अवैध कारोबार चरम सीमा पर जोरो से चलने लगा है और इसमें सबसे बड़ी बात ये है की इन होटलों एवं लॉज से पुलिस थाना कहो या पुलिस चौकी कहो दोनों पास में ही है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की पुलिस प्रशासन को ताक पर रख कर इन होटल एवं लॉज संचालको द्वारा धड़ेल्ले से इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा हैं ।

यदि सौसर नगर की बात की जाए तो यहां के मोहगांव रोड पर स्थित प्रसिद्ध होटल एवं एक लॉज में अवैध संबंधों का कारोबार चरम सीमा पर चल रहा हैं।

सूत्र बताते है की इन होटलों एवं लॉज में रोजाना प्रेमी युगल या शादी शुदा अवैध संबंध रखने वाले अपनी हवस मिटाने के लिए इन होटलों एवं लॉज का सहारा लेने लगे हैं । पुलिस प्रशासन के नजरों के सामने ये सारा खेल चल रहा है किन्तु कोई कार्यवाही करने को तैयार नहीं हैं । आस पास के क्षेत्र के अवैध रिश्ते रखने वाले प्रेमी युगल इन होटलों एवं लॉज का सहारा लेकर अपने कार्य को अंजाम दे रहे है ।

होटल संचालक ने कमाई करने का सबसे आसान तरीका ढूंढ रखा है चुंकि नगर मे ऐसे कोई वीआईपी नहीं आते है लेकिन ऐसा कारोबार चलाकर उनकी आमद ज्यादा होने लगती हैं ।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के इन होटलों एवं लॉज में कही बार कांड हो चुके है लेकिन इस पर पुलिस कोई कार्यवाही नहीं करता समझ से परेह है इससे क्या अंदाजा लगाया जा सकता हैं ।

## जिले में कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना की मांग

**सौसर, देशबन्धु।** जिले में कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान नई दिल्ली में भेंट की। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री नाना भाऊ मोहोड, विधायक नथन शाह कवरेती, पूर्व जोनल रेलवे सदस्य विजय धवले, प्रेस क्लब के अध्यक्ष पुरूषोतम पोतरे उपस्थित थे।



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री से मिले नाना भाऊ मोहोड

मोहोड ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को मांग पत्र देते हुए कहा पांढुर्णा जिला कृषि प्रधान क्षेत्र है, यहां के किसान विभिन्न फसलों की खेती करते हैं। यहां की कृषि भूमि उपजाऊ है। आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, जैविक खेती, जल प्रबंधन, एवं कीट नियंत्रण की वैज्ञानिक जानकारी के अभाव में किसानों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना होने से क्षेत्र के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, प्रशिक्षण, एवं उन्नत कृषि उपकरणों की जानकारी प्राप्त होगी, जिससे उनकी कृषि उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान से पांढुर्णा में कोरोना काल से बंद हुए ट्रेनों के स्टॉपेज यथावत शुरू करने की मांग की।

## विस्मृत क्रांतिकारियों के बलिदान पर आधारित पुस्तक का विमोचन



**सौंसर, देशबन्धु।** सौसर भारत वर्ष की स्वन्त्रता में प्राणों की आहुति देने वाले विस्मृत क्रांतिकारियों के बलिदान पर आधारित पुस्तक का विमोचन हुआ। विस्मृत क्रांतिकारियों के पूण्य स्मरण के रूप में स्थानीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ डी डी देशमुख ने यह पुस्तक लिखी है।

स्थानीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में हूए समारोह में समता शिक्षक समिति के अध्यक्ष महेश कुमार दुबे हिंदी साहित्य परिसद मुलताई के अध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ पंजाबराव जी बोड़खे कवि डॉ निर्मल चक्रधर संत गाडगे बाबा विश्व विद्यालय अमरावती के पूर्व निदेशक डॉ सी डी देशमुख और अखिल भारतीय छत्रिय लोणारी कुनबी समाज संगठन जिला पांढुर्णा के जिलाध्यक्ष श्रीमान परसराम राणे की प्रमुख उपस्थिति में पुस्तक का विमोचन हुआ।

विमोचन समारोह में शिक्षाविदों का वरिस्टजनो ने डॉ डी डी देशमुख की रचना की सराहना की वक्ताओं ने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से स्वतंत्राता में अपने प्राणों की आहुति देने वाले विस्मृत क्रन्तिकारियो के बलिदान को याद करने का अवसर मिलेगा समारोह में गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## अग्नि पीठाधीश्वर का आगमन आज

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर के समीपी ग्राम कमोदी में पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि पंडित संतोष दुबे के निज निवास पर आज 27 मार्च दिन गुरुवार को श्री पंच अग्नि पीठाधीश्वर आचार्य महा मंडलेश्वर श्रीमद राम कृष्णानंद महाराज का 5 बजे शाम को आगमन हो रहा है। इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार आचार्य श्री रात्रि विश्राम भी कमो ग्राम में श्री दुबे जी के निवास पर करेंगे।, इस अवसर पर आज दिनांक 27/03/3025 दिन गुरुवार को सुबह 11 बजे से 03 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।, साथ ही महाराज श्री के अमृत वचन भी होंगे।



सभी श्रद्धालुओं से इस दिव्य धार्मिक आयोजन में सपरिवार सादर उपस्थित होने का आग्रह पंडित संतोष दुबे,पंडित राजेश दुबे सहित ग्राम वासियों ने किया है।

## गुम हुआ मोबाइल छपारा पुलिस ने ढूंढ़ कर दिया

**छपारा, देशबन्धु।** नगर के पुलिस थाना में मोबाइल गुम होने की शिकायत 23/01/2025 को नगर के खैर माई मंदिर के पास रहने वाले चंद्रशेखर श्रीवात्री पत्रकार द्वारा दर्ज कराई गई थी जिस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए छपारा पुलिस एवं सिवनी जिला साइबर सेल के प्रयास से उक्त गुम मोबाइल फोन को दो माह में ढूंढ कर वापस दिया गया 26 मार्च को दोपहर छपारा के नवागत नगर निरीक्षक खेमेंद्र जैतवार द्वारा मोबाइल फोन स्वामी को बुलाकर सौंपा गया वहीं टीआई जैतवार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा मिले निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर यह कार्यवाही की गई है गुम हुए अपने मोबाइल के दोबारा मिलने एवं समस्या का निराकरण किए जाने पर चंद्रशेखर श्रीवात्री द्वारा पुलिस विभाग का आभार जताया गया।



## रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण आयोजित

**तेंदूखेड़ा देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा प्रायोजित एवं उद्यमिता विकास केंद्र सेडमैप द्वारा 24 फरवरी 2025 से प्रारंभ हुए अल्पावधि रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण का आज 26 मार्च 2025 को समापन हुआ। यह प्रशिक्षण एक महीने का था इस प्रशिक्षण में स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।



### 51 विद्यार्थियों को दिया प्रशिक्षण

यह प्रशिक्षण व्यक्तित्व विकास कम्युनिकेशन स्किल और कंप्यूटराइजेशन कौशल पर आधारित था। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत विद्यार्थियों को सब जागरूकता संप्रेषण कला, आत्मविश्वास तथा माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, एक्सेल, पावर पॉइंट आदि के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 51 रही।

इस अवसर पर तेंदूखेड़ा शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य अपर्णा चौबे ने कहा छात्रों, छात्र जीवन में नए आयाम होते हैं जो ज्ञान के माध्यम से अर्जित किए जा सकते हैं ज्ञान ही जीवन का आधार होता है तथा यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों को समाज में रोजगार के अवसर प्रदान करने में सहायक होगा। वहीं सेडमैप से जिला कार्यक्रम समन्वयक संदीप श्रीवास्तव एवं सहायक प्रशिक्षक गजराज पटैल ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास एवं कम्यूनिकेशन स्किले का प्रशिक्षण प्रदान किया। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मनीष वर्मा ने प्रशिक्षण का महत्व बताया एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण आपको भविष्य में रोजगार प्राप्त करने में लाभदायक सिद्ध होगा। डॉ भवानी प्रताप प्रजापति ने कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के शैक्षिक स्टाफ एवं कार्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

## बिछुआ सचिवों ने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**बिछुआ, देशबन्धु।** नगर के जनपद पंचायत कार्यालय में ब्लाक आजाद सचिव संगठन के द्वारा ब्लाक 50 पंचायतों के सचिव ने अपनी विभिन्न मांगों का लेकर प्रदेश मुख्यमंत्री के नामे जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपा।

आजाद सचिव संघ के अध्यक्ष राम करण गोदेवार ने ज्ञापन देते हुए बताया कि हम पंचायत सचिव मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन भोपाल के प्रांतीय आव्हान पर हमारी जायज मांगों को 25 मार्च 2025 तक पूर्ण नहीं होने पर 26.मार्च 2025 से 01अप्रैल2025 तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। साथ ही हमारी मांग है।कि विगत माहों का बकाया वेतन एवं एरियर का भुगतान तत्काल किया जावें एवं पूर्व मुख्यमंत्री माननीय शिवराजसिंह चौहान के द्वारा की गई घोषणा का शत प्रतिशत लागू किया जावें एवं पंचायत सचिवों को प्रतिमाह की 01 तारीख को वेतन भुगतान किया जावें साथ ही माननीय मुख्यमंत्री की घोषणानुसार पंचायत सचिवों को ग्रामीण विकास विभाग में सम्मिलित किया जावें।



एवं मृतक पंचायत सचिवों के परिजनों को शीघ्र अनुकंपा नियुक्ति प्रदाय की जावें इन मांगों लेकर हम सभी सामूहिक अवकाश जा रहे हैं।ज्ञापन देते समय सचिव संघ अध्यक्ष रामकरण गोदवार, गोविंद बोबडे, पंचराम इनवाती, गजेंद्र सोनी, सुरेश कोचे, पंजाब राव बट्टी, शाहिद खान,विष्णु शर्मा, श्याम जंघेला, बलराम बाघमारे, बसंत धुर्वे,गणपत खापरे,सुदामा कोचे, जितेन्द्र भैसारे, रविन्द्र उईके, हेमंत दुबे, सुनील भास्कर,सजनलाल उईके,सदिप छेरके, सेवाराम उईके, बांकेलाल डेहरिया ,मेवालाल डेहरिया, सदाशिव देशमुख, मुरलीधर सहारे, कैलाश छेरके,बिसनलाल बिसने, सुलोचना छेरके, सुनीता सिलू, रंजना डोंगरे, शंकर उईके, समस्त पंचायत के सचिव उपस्थित रहे।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 27 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी, नक्षत्र-शतभिषा।**

**मेष** – आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ** – सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन** – आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क- 470-550

**कर्क** – व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह** – प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या** – आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला** – नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक** – निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु** – आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर** – कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ** – आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन** – आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म. म. 279-130

2,4,5,7,21,44,55,75,57,05,71,11